Roll No. | | | | | | | | |

(Write Roll Number from left side exactly as in the Admit Card)

*Signature of Invigilator*

**Question Booklet Series** **X**

**PAPER–II**

**Question Booklet No.**

(Identical with OMR Answer Sheet Number)

**Subject Code : 04**

# HINDI

*Time : 2 Hours* *Maximum Marks: 200*

***Instructions for the Candidates***

1. Write your Roll Number in the space provided on the top of this page as well as on the OMR Sheet provided.
2. At the commencement of the examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 (five) minutes, you are requested to open the booklet and verify it:
   - (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page.
   - (ii) Faulty booklet, if detected, should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.
   - (iii) Verify whether the Question Booklet No. is identical with OMR Answer Sheet No.; if not, the full set is to be replaced.
   - (iv) After this verification is over, the Question Booklet Series and Question Booklet Number should be entered on the OMR Sheet.
3. This paper consists of One Hundred (100) multiple-choice type questions. All the questions are compulsory. Each question carries *two* marks.
4. Each Question has four alternative responses marked: (A) (B) (C) (D) . You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each question.

   *Example:* (A) (B) ● (D) , where (C) is the correct response.
5. Your responses to the questions are to be indicated correctly in the OMR Sheet. If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Rough work is to be done at the end of this booklet.
7. If you write your Name, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except in the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
8. Do not tamper or fold the OMR Sheet in any way. If you do so, your OMR Sheet will not be evaluated.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry question booklet and duplicate copy of OMR Sheet after completion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator, mobile phone, electronic devices/gadgets etc. is strictly prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answer.**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश***

1. इस प्रश्न-पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के उपर तथा OMR पत्रक पर भी नियत स्थान पर अपना रोल नंबर (क्रमांक संख्या) लिखें।
2. परीक्षा प्रारंभ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जाएगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जांच के लिए दिए जाएंगे, जिसकी जांच आपको अवश्य करनी है:
   - (क) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके आवरण (कवर) पृष्ठ पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टिकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   - (ख) दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/ प्रश्न कम हों या दुबारा आ गए हों या सीरियल (क्रम) में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिए जाएंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जाएगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जाएगा।
   - (ग) प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या का OMR की क्रम संख्या के साथ मिलान कर लें, यदि दोनों की क्रम संख्या में मेल ना हो तो उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका और OMR ले लें।
   - (घ) इस जांच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
3. इस प्रश्न-पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए *दो* अंक निर्धारित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिए गए हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   *उदाहरण* : (A) (B) ● (D) जहां (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल दिए गए OMR पत्रक पर ही निर्धारित स्थान पर अंकित करना है। यदि आप OMR पत्रक पर दिए गए वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. रफ (कच्चा) कार्य इस प्रश्न-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ पर करें।
7. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नंबर, फोन नंबर या कोई भी ऐसी चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं अथवा कोई भी अनैतिक कार्य करते हैं जैसे OMR को खुरचना या उसपर सफेद स्याही का प्रयोग करना, तो परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित किए जा सकते हैं।
8. OMR पत्रक को किसी-भी प्रकार से मोड़ने या नष्ट करने का प्रयास ना करें। यदि आप ऐसा करते हैं तो आपकी OMR का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जाएं। यद्यपि आप परीक्षा समाप्ति पर प्रश्न-पुस्तिका और OMR पत्रक की डुप्लिकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल काले बॉल पॉइंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर), मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक यंत्र आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएंगे।

## PAPER II

## (HINDI)

**1.** कथावस्तु का जो अंश रंगमंच पर अभिनीत होता है, उसे कहते हैं :

(A) कथानक

(B) प्रहसन

(C) आलोचना

(D) दृश्य

**2.** अवधी कहाँ नहीं बोली जाती है?

(A) प्रयागराज

(B) जौनपुर

(C) मेरठ

(D) गोंडा

**3.** 'मुर्दहिया' आत्मकथा के अनुक्रम का शीर्षक जो बुद्ध से सम्बन्ध है —

(A) बुद्ध और मानव संस्कृति

(B) बुद्ध और मानव धर्म

(C) चले बुद्ध की राह

(D) बुद्ध की राह और मैं

**4.** कविता की पंक्ति के साथ शीर्षक को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) रोया यक्ष कि तुम रोये थे | (i) ब्रह्मराक्षस |
| (b) कौए ने खुजलाई पाँखें कई दिनों के बाद | (ii) कालिदास |
| (c) ये उपमान मैले हो गये हैं | (iii) अकाल और उसके बाद |
| (d) बावड़ी को घेर डालें खूब उलझी हैं | (iv) कलगी बाजरे की |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (D) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**5.** ''जमुना के तीरे-तीरे'' निबंध के लेखक कौन हैं?

(A) कुबेरनाथ राय

(B) विद्यानिवास मिश्र

(C) विवेकी राय

(D) प्रतापनारायण मिश्र

**6.** नाट्यशास्त्र के अनुसार 'कार्यव्यापार' की अवस्थाओं का सही अनुक्रम है :

(A) आरम्भ, प्रत्याशा, नियताप्ति, प्रयत्न, फलागम

(B) आरम्भ, नियताप्ति, प्रयत्न, प्रत्याशा, फलागम

(C) फलागम, नियताप्ति, प्रत्याशा, आरम्भ, प्रयत्न

(D) आरम्भ, प्रयत्न, प्रत्याशा, नियताप्ति, फलागम

**7.** व्यंजना शब्द-शक्ति का संबंध किससे नहीं है?

(A) व्यंजन

(B) प्रत्यायन

(C) मुख्यार्थ

(D) अवगमन

**8.** ''मैं सब बुराई ओढ़े रहूँगी पर तुम्हें बुरा न कहने दूँगी, न ही बुरा बनने दूँगी।''

'आप हुदरी' के भाग-1 में यह कथन किस शीर्षक से सम्बद्ध है?

(A) अच्छी और बुरी लड़की

(B) नासमझ लड़की : समझदार लड़की

(C) बुरी लड़की : अच्छी लड़की

(D) अच्छी लड़की : बुरी लड़की

**9.** कविता की पंक्ति के साथ कवि को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) माई सांवरे रंग राची | (i) तुलसीदास |
| (b) जासों प्रीति ताहिं निठुराई सो निपट नेह | (ii) बिहारी |
| (c) पति रति की बतियाँ कहीं, सखी लखी मुसकाई | (iii) धनानंद |
| (d) मो सम दीन न दीन हित तुम्ह समान रघुबीर | (iv) मीरां बाई |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**10.** ''ऐसा कोई दिन आ सकता है, जबकि मनुष्य के नाखूनों का बढ़ना बंद हो जाएगा। प्राणशास्त्रियों का ऐसा अनुमान है कि मनुष्य का अनावश्यक अंग उसी प्रकार झड़ जाएगा, जिस प्रकार उसी पूँछ झड़ गई है।''

इस अंश का निबंधकार कौन है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(D) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

**11.** प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम क्या है?

(A) चन्द्रगुप्त, अंधेर नगरी, आषाढ़ का एक दिन, एक और द्रोणाचार्य
(B) अंधेर नगरी, आषाढ़ का एक दिन, चन्द्रगुप्त, एक और द्रोणाचार्य
(C) अंधेर नगरी, एक और द्रोणाचार्य, चन्द्रगुप्त, आषाढ़ का एक दिन
(D) अंधेर नगरी, चन्द्रगुप्त, आषाढ़ का एक दिन, एक और द्रोणाचार्य

**12.** 'कलाकृति मूल का प्रतीकात्मक प्रतिरूपण नहीं, बल्कि सादृश्य अथवा पुन:सृष्टि है', यह विचार अरस्तू के अनुकरण-सिद्धान्त के किस व्याख्याकार का है?

(A) होरेस
(B) कैकिलिउस
(C) बूचर
(D) जॉन ड्राइडेन

**13.** 'मेरी तिब्बत यात्रा' पुस्तक में 'तिब्बत में तीसरी बार' का वर्ष क्या है?

(A) 1937 ई०
(B) 1935 ई०
(C) 1934 ई०
(D) 1936 ई०

**14.** रचनाकाल के अनुसार रचनाओं का क्रम है —

(A) इत्यलम्, बावरा अहेरी, आँगन के पार द्वार, सागर मुद्रा
(B) इत्यलम्, बावरा अहेरी, सागर मुद्रा, आँगन के पार द्वार
(C) बावरा अहेरी, इत्यलम्, सागर मुद्रा, आँगन के पार द्वार
(D) बावरा अहेरी, सागर मुद्रा, आँगन के पार द्वार, इत्यलम्

**15.** 'निषाद बाँसुरी' के रचनाकार कौन हैं?

(A) हरिशंकर परसाई
(B) कुबेरनाथ राय
(C) रामवृक्ष बेनीपुरी
(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**16.** ''इक रोज़ मुँह में कान्हा ने माखन झुका दिया
पूछा जसोदा ने तो वहीं मुँह बना दिया
मुँह खोल तीन लोक का आलम दिखा दिया
इक आन में दिखा दिया और फिर भुला दिया''
— किस नाटक की पंक्तियां हैं?

(A) अंधा युग
(B) आगरा बाज़ार
(C) अंधेर नगरी
(D) भारत दुर्दशा

**17.** पूर्वी हिन्दी किसके निकट है?

(A) छत्तीसगढ़ी
(B) पंजाबी
(C) बिहारी
(D) राजस्थानी

**18.** 'एक साहित्यिक की डायरी' में मूक्तिबोध ने किस शीर्षक का उल्लेख दो बार किया है?

(A) कुटुयान और काव्य सत्य
(B) कलाकार की व्यक्तिगत ईमानदारी
(C) विशिष्ट और अद्वितीय
(D) सड़क को लेकर एक बातचीत

**19.** रचनाकाल के अनुसार रचनाओं का क्रम है —

(A) नये पत्ते, गीत गुंज, अर्चना, आराधना
(B) गीत गुंज, नये पत्ते, आराधना, अर्चना
(C) नये पत्ते, अर्चना, आराधना, गीत गुंज
(D) गीत गुंज, आराधना, अर्चना, नये पत्ते

**20.** ''प्राय: लोग कहा करते हैं कि कविता का अंतिम उद्देश्य मनोरंजन है। पर मेरी समझ में मनोरंजन उसका अंतिम उद्देश्य नहीं है।'' प्रस्तुत अंश किस निबंध का है?

(A) संस्कृति और संदर्भ
(B) शिवशंभु के चिट्ठे
(C) कविता क्या है
(D) हिंदी कविता

**21.** ''लेकिन शेष मेरा दायित्व लेंगे। बाकी सभी -
मेरा दायित्व वह स्थित रहेगा
हर मन-मन के उस वृत्त में — ''
ये पंक्तियां अंधा युग के किस अंक से उद्धृत की गई हैं?

(A) पशु का उदय
(B) गांधारी का शाप
(C) प्रभु की मृत्यु
(D) कौरव नगरी

**22.** 'ननु शब्दार्थौ काव्यम्' - प्रस्तुत काव्य-लक्षण किस आचार्य का है?

(A) भामह
(B) रुद्रट
(C) विश्वनाथ
(D) अभिनव गुप्त

**23.** 'रेनेसाँ' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस फ्रांसीसी दार्शनिक ने किया?

(A) मिशेसेट
(B) अर्नेस्ट रेनन
(C) गिल्लीस देलयूजे
(D) ब्लेज पास्कल

**24.** ''नारी से तू नर भई
और श्याम बरन भई सोय
गली-गली कूकत फिरे
कोइलो-कोइलो लोय —''
ये पंक्तियाँ किस काव्य रूप में आती हैं?

(A) पहेली
(B) मुकरी
(C) गीत
(D) अनमेली

**25.** ''मैं श्रीमती महारानी की तरफ से यह झंडा खास आपके लिए देता हूँ, जो उनके हिंदुस्तान की राज राजेश्वरी की पदवी लेने का यादगार रहेगा।'' इस अंश का निबंधकार कौन है?

(A) अध्यापक पूर्ण सिंह
(B) नामवर सिंह
(C) प्रतापनारायण मिश्र
(D) भारतेंदु हरिश्चंद्र

**26.** *स्थापना* (*A*) : नाटक शुद्ध साहित्य है, जिसकी आलोचना काव्यालोचन के स्थापित प्रतिमानों द्वारा की जा सकती है।

*तर्क* (*R*) : नाटक शुद्ध साहित्य नहीं है। वह केवल नट की क्रिया है।

*कूट*:

(A) (*A*) गलत और (*R*) सही
(B) (*A*) गलत और (*R*) गलत
(C) (*A*) सही और (*R*) गलत
(D) (*A*) सही और (*R*) सही

**27.** 'बाहुबलि रास' किस भाषा की रचना है?

(A) पालि
(B) अपभ्रंश
(C) अवहट्ठ
(D) मेवाती

**28.** 1824 ई. में फोर्ट विलियम कॉलेज के हिन्दुस्तानी विभाग के अध्यक्ष बने —

(A) गिलक्राइस्ट
(B) विलियम प्राइस
(C) लल्लूलाल
(D) सदल मिश्र

**29.** ''खने खन नयन कोन अनुसरई
खने खन बसन धूलि तनु भरई''—
इन पंक्तियों का भाव है —

(A) वय:संधि की नायिका का चित्रण
(B) राधा के रूप सौन्दर्य का चित्रण
(C) कृष्ण के प्रति भक्ति-भाव का चित्रण
(D) प्रकृति के अद्भुत सौन्दर्य का चित्रण

**30.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) विद्यानिवास मिश्र | (i) श्रद्धा और भक्ति |
| (b) आचार्य रामचंद्र शुक्ल | (ii) यह आम रास्ता नहीं है |
| (c) विवेकी राय | (iii) भारत वर्षोन्नति कैसे हो सकती है |
| (d) भारतेंदु हरिश्चंद्र | (iv) दिया टिम टिमा रहा है |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (B) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**31.** निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक हबीब तनवीर का नहीं है?

(A) चरनदास चोर

(B) हिरमा की अमर कहानी

(C) देख रहे हैं नैन

(D) अकबर

**32.** 'गद्य और पद्य की भाषा में कोई तात्त्विक भेद नहीं है।' यह कथन किसका है?

(A) सैमुअल टेलर कॉलरिज

(B) विलियम वर्ड्सवर्थ

(C) मैथ्यू आर्नल्ड

(D) आई० ए० रिचर्ड्स

**33.** 'हिन्दी भाषा की उत्पत्ति' (1907) के लेखक कौन हैं?

(A) हरदेव बाहरी

(B) उदयनारायण तिवारी

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(D) भोलानाथ तिवारी

**34.** 'आओ बैठो, तनिक और सटकर
कि हमारे बीच स्नेह-भर का व्यवधान रहे
बस नहीं दरारें, सभ्य शिष्ट जीवन की'
— ये किस कविता की पंक्तियाँ हैं?

(A) कितनी नावों में कितनी बार

(B) कन्हाई ने प्यार किया

(C) कितनी शांति, कितनी शांति

(D) हरी घास पर क्षण भर

**35.** 'साहित्य सुमन' निबंध संग्रह के लेखक कौन हैं?

(A) बालकृष्ण भट्ट

(B) रामवृक्ष बेनीपुरी

(C) विद्यानिवास मिश्र

(D) प्रतापनारायण मिश्र

**36.** निम्नलिखित संवादों को उनके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए:

| | |
|---|---|
| (a) आवश्यकता ही संसार के तमाम व्यवहारों की दलाल है। | (i) कार्नेलिया |
| (b) विधान की स्याही का एक बिन्दु गिर कर भाग्यलिपि पर कालिमा चढ़ा देता है | (ii) मन्दाकिनी |
| (c) यदि प्रेम ही जीवन का सत्य है तो संसार ज्वालामुखी है। | (iii) विजया |
| (d) सच है, वीरता अब भागती तब उसके पैरों से राजनीतिक छल-छन्द की धूल उड़ती है। | (iv) चन्द्रगुप्त |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**37.** मागधी और शौरसेनी के बीच पड़ने वाली भाषा थी :

(A) पैशाची

(B) अर्द्धमागधी

(C) शिलालेखी प्राकृत

(D) महाराष्ट्री

**38.** किस विद्वान ने गाँधीवाद को तीन भागों में विभक्त किया है?

(A) किशोरलाल मशरुवाला
(B) लुइस फिशर
(C) रामचन्द्र गुहा
(D) गोपालकृष्ण गाँधी

**39.** 'आराधन का दृढ आराधन से दो उत्तर' —
'राम की शक्तिपूजा' में यह किसका कथन है?

(A) विभीषण
(B) जाम्बवान
(C) हनुमान
(D) लक्ष्मण

**40.** 'कर कमल हो गए' किसकी रचना है?

(A) बद्रीनारायण चौधरी
(B) हरिशंकर परसाई
(C) बाबू श्यामसुंदर दास
(D) गोविंद नारायण मिश्र

**41.** किससे बातचीत के उपरान्त सर्वेश्वरदयाल सक्सेना ने 'बकरी' नाटक लिखा था?

(A) जयप्रकाश नारायण
(B) आचार्य कृपलानी
(C) के. कामराज
(D) राममनोहर लोहिया

**42.** 'तोपगाड़ी' शब्द में शामिल दो भाषाएँ हैं :

(A) फारसी-हिंदी
(B) तुर्की-हिंदी
(C) अरबी-हिंदी
(D) पुर्तगाली-हिंदी

**43.** ''अस्तित्ववाद भाव तथा विचार के प्रति जीवन का विद्रोह है।'' — यह विचार किनका है?

(A) एमानुएल मौनियर
(B) जूलियन बेन्द्रा
(C) कीर्कगार्द
(D) हेडेगर

**44.** 'मैं नाम गोत्र से रहित पुष्प
अंबर में उड़ती हुई मुक्त आनंद शिखा
इतिवृत्तहीन सौन्दर्यचेतना की तरंग' —
'उर्वशी' में किस पात्र का कथन है?

(A) औशीनरी
(B) रंभा
(C) उर्वशी
(D) मेनका

**45.** *स्थापना* (*A*) : भारतेंदु युग के निबंध विभिन्न सामयिक समस्याओं से प्रेरित व आंदोलित थे।

*तर्क* (*R*) : भारतेंदु युग का उदय ब्रिटिश शासन काल के दौरान हुआ था।

*कूट*:

(A) (*A*) गलत और (*R*) सही
(B) (*A*) और (*R*) दोनों सही
(C) (*A*) और (*R*) दोनों गलत
(D) (*A*) सही और (*R*) गलत

**46.** निम्नलिखित नाटकों को उनके पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (a) ध्रुवस्वामिनी | (i) सावित्री |
| (b) आगरा बाजार | (ii) शिखर स्वामी |
| (c) अंधा युग | (iii) शायर |
| (d) आधे-अधूरे | (iv) संजय |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**47.** मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा का सही काल विभाजन है :

(A) 500 ई०पू० से 1000 ई० तक

(B) 1000 ई०पू० से 1000 ई० तक

(C) 800 ई०पू० से 1200 ई० तक

(D) 700 ई०पू० से 1500 ई० तक

**48.** किस चिंतक ने 'लिबिडो' शब्द का विवेचन किया है?

(A) लोंजाइनस

(B) इलियट

(C) फ्रायड

(D) क्रोचे

**49.** *स्थापना* (*A*) : ''फैन्टेसी के अंतर्गत भावपक्ष प्रधान और विभावपक्ष गौण और प्रच्छन्न तो होता ही है, साथ ही यह भावपक्ष कल्पना को उत्तेजित करके, बिंबों की रचना करते हुए, एक ऐसा मूर्तविधान उपस्थित करता है कि जिस विधान में उस विधान ही के नियम होते हैं।''

*तर्क* (*R*) : अपनी सभी कविताओं में फैंटेसी का आश्रय लेने के कारण मुक्तिबोध फैंटेसी के अभिनिवेश के कवि कहलाये।

*कूट*:

(A) (*A*) गलत, (*R*) गलत

(B) (*A*) सही, (*R*) सही

(C) (*A*) सही, (*R*) गलत

(D) (*A*) गलत, (*R*) सही

**50.** ''अभिषेक की बात चली, मन में अभिषेक हो गया और मन में राम के साथ राम का मुकुट प्रतिष्ठित हो गया।'' — किस निबंध का अंश है?

(A) संस्कृति और संदर्भ

(B) तुम चंदन हम पानी

(C) उत्तर फाल्गुनी के आस पास

(D) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है

**51.** 'इस्त्वार द ला लितरेत्यूर ऐंदुई ऐं ऐंदुस्तानी' का हिन्दी अनुवाद किसने किया?

(A) डॉ० रामकुमार वर्मा

(B) डॉ० लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

**52.** कौन-सी रीति दीर्घ सामाजिक नहीं होती?

(A) पांचाली रीति

(B) गौड़ी रीति

(C) लाटीया रीति

(D) वैदर्भी रीति

**53.** उत्तर आधुनिकतावाद के किस विचारक ने 'द एंड ऑफ द हिस्ट्री एण्ड द लास्ट मैन' नामक पुस्तक लिखी है?

(A) जॉक देरिदा

(B) सस्यूर

(C) ल्योतार

(D) फ्रांसिस फुकुयामा

**54.** निम्नलिखित पात्रों के साथ कहानी को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) मेजर गिरीश नेगी | (i) राजा निरबंसिया |
| (b) शाहनी | (ii) दुलाईवाली |
| (c) चंदा | (iii) परिंदे |
| (d) नवल किशोर | (iv) सिक्का बदल गया |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

**55.** निम्नलिखित पात्रों के साथ उपन्यासों को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) कालीचरण | (i) मानस का हंस |
| (b) गोबर | (ii) बाणभट्ट की आत्मकथा |
| (c) भट्टिनी | (iii) मैला आँचल |
| (d) रत्नाबली | (iv) गोदान |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**56.** निम्नलिखित में से कौन-सा साहित्येतिहास आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का नहीं है?

(A) हिन्दी साहित्य का इतिहास

(B) हिन्दी साहित्य की भूमिका

(C) हिन्दी साहित्य का आदिकाल

(D) हिन्दी साहित्य : उद्भव और विकास

**57.** 'औ' हिंदी की कैसी ध्वनि है?

(A) संवृत

(B) विवृत

(C) ईषत्स्पृष्ट

(D) स्पृष्ट

**58.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) छप्पर | (i) कौशल्या वैसंत्री |
| (b) मुक्ति-पर्व | (ii) सत्यप्रकाश |
| (c) दोहरा अभिशाप | (iii) मोहनदास नैमिशराय |
| (d) जस तस भई सवेर | (iv) जयप्रकाश कर्दम |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**59.** निम्नलिखित कहानी-संग्रहों के साथ कहानी को सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) शरणार्थी | (i) भीष्म साहनी |
| (b) पटरियाँ | (ii) अज्ञेय |
| (c) अभिमन्यु की आत्महत्या | (iii) शेखर जोशी |
| (d) साथ के लोग | (iv) राजेन्द्र यादव |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (B) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

**60.** *स्थापना* ($A$) : देवकीनंदन खत्री के उपन्यास मनोरंजन प्रधान है।

*तर्क* ($R$) : उनके उपन्यास पाठकों को बाँधे रखते हैं।

*कूट*:

(A) ($A$) और ($R$) दोनों सही

(B) ($A$) और ($R$) दोनों गलत

(C) ($A$) गलत और ($R$) सही

(D) ($A$) सही और ($R$) गलत

**61.** निम्नलिखित में से कौन-सा कवि रीतिबद्ध धारा का है?

(A) चिन्तामणि त्रिपाठी

(B) आलम

(C) रसनिधि

(D) वृंद

**62.** काव्य-हेतुओं में प्रतिभा को किस आचार्य ने 'जन्मान्तरागतसंस्कार विशेष' कहा है?

(A) वामन

(B) भट्टतौत

(C) भट्टलोल्लट

(D) मम्मट

**63.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) स्त्री संघर्ष का इतिहास | (i) प्रभा खेतान |
| (b) उपनिवेश में स्त्री | (ii) नासिरा शर्मा |
| (c) औरत के लिए औरत | (iii) रोहिणी अग्रवाल |
| (d) स्त्री लेखन : स्वरूप और संकल्प | (iv) राधाकुमार |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

**64.** रचनाकाल की दृष्टि से भीष्म साहनी के कहानी संग्रहों का सही क्रम है —

(A) निशाचर, पाली, शोभायात्रा, डायन

(B) शोभायात्रा, डायन, पाली, निशाचर

(C) शोभायात्रा, निशाचर, पाली, डायन

(D) निशाचर, शोभायात्रा, डायन, पाली

**65.** सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) अज्ञेय | (i) नीलू नीलिमा निलोफर |
| (b) भीष्म साहनी | (ii) चारुचंद्र लेख |
| (c) श्रीलाल शुक्ल | (iii) शेखर एक जीवनी |
| (d) हजारी प्रसाद द्विवेदी | (iv) मकान |

*कूट* :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**66.** हाल ही में किस भारतीय रचनाकार को बुकर पुरस्कार मिला है?

(A) शंकर

(B) एम.टी.वासुदेवन नायर

(C) गीतांजलि श्री

(D) अलका सरावगी

**67.** 'करोति प्रीतिंकीर्तिंच साधुकाव्यनिबन्धनम्'— काव्य-प्रयोजन के संदर्भ में यह कथन किसका है?

(A) भरतमुनि

(B) भामह

(C) राजशेखर

(D) दण्डी

**68.** 'भारत विभाजन के गुनहगार' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(A) बल्लभभाई पटेल

(B) राममनोहर लोहिया

(C) ओंकार शरद

(D) ताराचंद दीक्षित

**69.** रचनाकाल की दृष्टि से शेखर जोशी के कहानी-संग्रहों का सही क्रम है —

(A) हलवाहा, डांगरीवाले, नौरंगी बीमार है, मेरा पहाड़

(B) हलवाहा, मेरा पहाड़, नौरंगी बीमार है, डांगरीवाले

(C) मेरा पहाड़, हलवाहा, डांगरीवाले, नौरंगी बीमार है

(D) मेरा पहाड़, डांगरीवाले, नौरंगी बीमार है, हलवाहा

**70.** निम्नलिखित रचनाओं का सही अनुक्रम है —

(A) परती परिकथा, दीर्घतपा, मैला आँचल, कितने चौराहे

(B) मैला आँचल, दीर्घतपा, कितने चौराहे, परती परिकथा

(C) मैला आँचल, परती परिकथा, दीर्घतपा, कितने चौराहे

(D) कितने चौराहे, मैला आँचल, दीर्घतपा, परती परिकथा

**71.** डॉ० रामस्वरूप चतुर्वेदी ने केशव की किस रचना को 'छंदों का अजायब घर' कहा है?

(A) कविप्रिया

(B) रसिक प्रिया

(C) रामचन्द्रिका

(D) छंदमाला

**72.** 'हाथोंहाथ' में कौन-सा समास है?

(A) द्वन्द्व

(B) कर्मधारय

(C) बहुव्रीहि

(D) अव्ययीभाव

**73.** ''कोई भी लेखक न तो सम्पर्क–सम्बन्धविहीन हो सकता है, न परिवेश–निरपेक्ष।'' यह कथन किनका है?

(A) तुलसी राम

(B) अज्ञेय

(C) मन्नू भंडारी

(D) हरिवंशराय बच्चन

**74.** दुनिया के सबसे अनमोल रत्न के रूप में दिलफिगार ने दिलफरेब को क्या नहीं दिया?

(A) आँसू

(B) राख

(C) जेवर

(D) खून का कतरा

**75.** इन में से कौन–सा उपन्यास हजारी प्रसाद द्विवेदी का नहीं है?

(A) अनामदास का पोथा

(B) चारुचंद्र लेख

(C) द्रौपदी

(D) पुनर्नवा

**76.** 'हित–तरंगिणी' के लेखक हैं —

(A) नन्ददास

(B) कृपाराम

(C) केशवदास

(D) मतिराम

**77.** निम्नलिखित रचनाओं को रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| *सूची-I* | *सूची-II* |
|---|---|
| (a) दि सैक्रेड वुड | (i) आई० ए० रिचर्ड्स |
| (b) लिटरेरिया बायोग्राफिया | (ii) स्कॉट जेम्स |
| (c) प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म | (iii) टी० एस० इलियट |
| (d) दि मेकिंग ऑफ लिटरेचर | (iv) एस० टी० कॉलरिज |

*कूट :*

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (B) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**78.** ''हमारे छोटे से छोटे अनुभव में मानवता का सारा इतिहास छिपा रहता है।''

'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' में यह कथन किसका है?

(A) स्वामी रामतीर्थ

(B) दयानंद सरस्वती

(C) स्वामी शिवानंद

(D) स्वामी विवेकानंद

**79.** ''मरने के लिए उसे वही जगह, वही दस बरस की उम्र और वही काले चिथड़ों की कमीज़ मिली'' —

किस कहानी का वाक्य है?

(A) एक टोकरी भर मिट्टी

(B) अपना अपना भाग्य

(C) अमृतसर आ गया है

(D) कोसी का घटवार

**80.** 'रागदरबारी' के 'रंगनाथ' ने किस विषय में एम० ए० किया है?

(A) भूगोल

(B) हिंदी साहित्य

(C) रसायन विज्ञान

(D) इतिहास

**81.** प्रेमाख्यान काव्य परम्परा की प्रमुख रचनाओं का सही क्रम है :

(A) चन्दायन, मृगावती, पद्मावत, मधुमालती

(B) मधुमालती, मृगावती, चन्दायन, पद्मावत

(C) पद्मावत, चन्दायन, मृगावती, मधुमालती

(D) मृगावती, पद्मावत, मधुमालती, चन्दायन

**82.** कॉलरिज प्रस्तावित मुख्य कल्पना संबन्ध है :

(A) चेतन मन से

(B) अवचेतन मन से

(C) अचेतन मन से

(D) इनमें से किसी भी नहीं

**83.** 'अरे यायावर रहेगा याद' पुस्तक के अन्तर्गत सही अनुक्रम है —

(A) मौत की घाटी में, देवताओं के अंचल में, किरणों की खोज में, परशुराम से तूरखम

(B) किरणों की खोज में, परशुराम से तूरखम, मौत की घाटी में, देवताओं के अंचल में

(C) देवताओं के अंचल में, मौत की घाटी में, परशुराम से तूरखम, किरणों की खोज में

(D) परशुराम से तूरखम, किरणों की खोज में, देवताओं के अंचल में, मौत की घाटी में

**84.** सीमित घरेलू परिवेश में यंत्रवत् तथा उबाऊ वैवाहिक जीवन बितानेवाली स्त्री का चित्रण किस कहानी के केन्द्र में है?

(A) परिंदे

(B) गैंग्रीन

(C) पिता

(D) राही

**85.** ''डिस्टिबोट के बंगाली आफसियर बाबू थे परफुल्लों बनरजी और उनका किरानी जीत्तन बाबू, पहले कांग्रेस आफिस के किरानी थे।'' — यह कथन किसका है?

(A) बालदेव

(B) विश्वनाथ प्रसाद

(C) कालीचरण

(D) प्रशांत

**86.** भारतीय भाषाओं में समाचारपत्र सबसे पहले किस भाषा में प्रकाशित हुआ?

(A) गुजराती

(B) बांग्ला

(C) फारसी

(D) हिन्दी

**87.** 'संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी' यह कथन संविधान के किस अनुच्छेद में है?

(A) अनुच्छेद 343

(B) अनुच्छेद 345

(C) अनुच्छेद 347

(D) अनुच्छेद 351

**88.** विष्णु प्रभाकर ने 'आवारा मसीहा' के लिए किसे प्रेरक माना है?

(A) रमेशचन्द्र मजुमदार

(B) जलधर सेन

(C) नाथूराम प्रेमी

(D) राधारानी देवी

**89.** ''मैंने आपसे इतनी बातें कही, पर खेद है, आपने उनके अनुकूल या प्रतिकूल एक बात का भी उत्तर न दिया। परंतु आपके इस मौनावलम्ब को मैं स्वीकार का सूचक समझती हूँ।''

ये वाक्य किस कहानी के है?

(A) एक टोकरी-भर मिट्टी

(B) चन्द्रदेव से मेरी बातें

(C) इन्स्पेक्टर मातादीन चाँद पर

(D) परिंदे

**90.** 'निपुणिका' किस उपन्यास का पात्र है?

(A) चारुचंद्रलेख

(B) धरती धन न अपना

(C) बाणभट्ट की आत्मकथा

(D) चाक

**91.** उत्तर भारत में भक्ति का प्रसार करने का श्रेय किसे प्राप्त है?

(A) शंकराचार्य

(B) रामानुजाचार्य

(C) माध्वाचार्य

(D) रामानन्द

**92.** अरबी-फारसी उपसर्गों के वर्ग में 'अल' उपसर्ग का अर्थ है :

(A) अभाव

(B) थोड़ा

(C) निश्चित

(D) सहित

**93.** 'संस्कृति के चार अध्याय' के द्वितीय अध्याय का शीर्षक है

(A) हिन्दु संस्कृति का आविर्भाव

(B) प्राचीन हिन्दुत्व से विद्रोह

(C) हिन्दु संस्कृति और इस्लाम

(D) भारतीय संस्कृति और युरोप

**94.** ''कंकड़ी जल में जाकर कोई स्थायी विवर नहीं फोड़ सकती। क्षण भर जल का समतल भले ही उलट-पुलट हो, लेकिन इधर-उधर से जलतरंग दौडकर उस छिद्र का नाम-निशान भी नहीं रहने देती। जगत् की भी यही चाल है'' — ये वाक्य किस कहानी के हैं?

(A) राजा निरबंसिया

(B) दुलाईवाली

(C) चीफ की दावत

(D) कानों में कंगना

**95.** 'इसी से तो कहती हूँ, कुछ जलपान कर लो' प्रस्तुत कथन किस पात्र का है?

(A) सिलिया

(B) धनिया

(C) मिस. मालती

(D) झुनिया

**96.** प्रवासी लेखक तेजेन्द्र शर्मा किस देश में रहते हुए हिन्दी में लेखन कार्य कर रहे हैं?

(A) अमेरीका

(B) मॉरीशस

(C) सूरीनाम

(D) इंग्लैंड

**97.** प्लेटो ने काव्य की दैवी-प्रेरणा का सिद्धान्त निम्नलिखित पुस्तकों में उपस्थापित किया :

(A) 'फेद्रुस' एवं 'इयोन' में

(B) 'गोर्गिआस' एवं 'सिंपोजियम' में

(C) 'क्रातिलुस' एवं 'रिपब्लिक' में

(D) 'फिलेबुस' एवं 'इयोन' में

**98.** 'ठकुरी बाबा' का एक पात्र विधुर है, जो तरकारी बोकर और बगीचे की रखवाली कर अपना गुजारा करता है। नाम बताइए?

(A) बलवीर

(B) माधो

(C) काछी

(D) गामा

**99.** *स्थापना* (*A*) : ''कहानी का लक्ष्य अपने कहानीपन को न खोकर जीवन की प्रस्तुति सहज रूप में करते हुए जीवन के कटु सत्यों और व्यवस्था की भ्रष्टता को उजागर करना है।''

*तर्क* (*R*) : 'सहज कहानी' में जीवन के कटु सत्यों के प्रति उपेक्षा का भाव मुखरित है।

*कूट*:

(A) (*A*) सही, (*R*) गलत

(B) (*A*) सही, (*R*) सही

(C) (*A*) गलत, (*R*) सही

(D) (*A*) गलत, (*R*) गलत

**100.** ''छोड परे। आप दोनों छेड-छाँड दी चंगे भले। न जननी अंग लगी, न मतिभ्रष्ट हुई।'' यह अंश किस उपन्यास का है?

(A) दिव्या

(B) जिंदगीनामा

(C) अमृत और विष

(D) आधा गाँव

**Space for Rough Work**

**Space for Rough Work**

**Space for Rough Work**